## स्पीड न्यूज

### सैरात तसीली के विरोध में दुकान बंद



**विश्रामपुर (पलामू)।** नगर परिषद की सैरात तसीली के विरोध में व्यवसायियों ने बिश्रामपुर में बुधवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। जोरदार प्रदर्शन के बाद वे धरना पर भी बैठ गये। शाम को प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। बताते चलें कि नप ने हाट-बाजारों की पहली बार बंदोबस्ती की है। जिसकी तसीली एक अप्रैल से शुरू हुई। मौके पर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, प्रेमशंकर दुबे, ऋतुराज मिश्रा, राजन पांडेय, राजेश्वर केशरी, मनीष कुमार, गोरखनाथ पांडेय सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे और व्यवसायियों से बात की।

### भूमि विवाद में मारपीट, 20 हुए गंभीर



**विश्रामपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के नौगढ़ा ओपी स्थित नौडीहा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें पहले पक्ष के 10 लोग सहित 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पहले पक्ष के लोगों का प्राथमिक इलाज नौगढ़ा के फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ। जहां से उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। दूसरे पक्ष के लोग भी इसमें घायल हैं। दोनों पक्षों के द्वारा नौगढ़ा ओपी में एक दूसरे के ऊपर प्राथमिक की दर्ज करने को ले आवेदन किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन व तोलता स्टेशन के बीच मल्लाहटोली गांव के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना बुधवार सुबह 6:30 बजे की है। मृतक मल्लाह टोली का गुदन चौधरी (75) घर से महुआ चुनने जा रहा था। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

### सड़क किनारे डंपिंग बालू की गयी जब्त



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीओ गौरांग महतो सड़क किनारे करीब 15 से 20 ट्रैक्टर बालू अवैध डंपिंग को पकड़ा व सीओ को जब्त करने का निर्देश दिया। सीओ और मुखिया ने उक्त बालू पर किसी के दावा नहीं करने पर जब्त कर ब्लॉक परिसर में रखवा दिया। दंगवार जा रहे एसडीएम ने सड़क किनारे सोन नदी से निकला बालू देखा।

### संग्राम ने उताकी में लगवाया ट्रांसफार्मर



**पाटन पलामू।** प्रखंड के उताकी में जिप सदस्य संग्राम सिंह ने 63 केबीए के ट्रांसफर को बदलकर 100 केबीए का ट्रांसफर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में खुशी है। बताया कि उताकी पंचायत के उताकी में 63 केबीए ट्रांसफर पुराना होकर खराब हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि तुरंत विभाग से बात कर ट्रांसफार्मर लगवाया।

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल का दूसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**विश्रामपुर पलामू।** आरापुर महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल का दूसरा वार्षिकोत्सव बुधवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद केक काटकर किया। अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा व संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया। निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से इस स्कूल की स्थापना तीन वर्ष पूर्व की गयी थी। मौके पर शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी, प्रमोद सिंह, मंजीत दीक्षित भी मौजूद थे।

### मकसूद अंसारी के घर पर पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया



**सतबरवा पलामू।** थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के मानासोती निवासी कयामुद्दीन अंसारी के पुत्र मकसूद के घर बुधवार को ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाये। बताया कि मकसूद सतबरवा में कार्यरत समस्ता फाइनेंस कंपनी के रिकवरी एजेंट रवि रंजन की हत्या का आरोपी है। 4 जून 2024 को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडीह से सतबरवा लौटने के क्रम में मलय नदी फागु सिंह घाट के समीप महुआ पेड़ के पास रवि रंजन को गोली मार अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर दी थी। मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के कंचन पर पिच्छिलिया टोला के योगेश राम का बेटा था।

### पत्नी की हत्या करनेवाला पति गिरफ्तार



**उंटारी रोड पलामू।** लहरबंजारी के सिरहा टोले में पत्नी की टांगी से हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के समीप से गिरफ्तार किया गया। वह बाहर भागने की तैयारी में था। उसके पास से उसके एक साल के बच्चे को भी बरामद किया गया है। विदित हो कि सिरहा टोले में मंगलवार की रात नशे में धुत रंजीत यादव ने पत्नी रिंकी देवी (25) को टांगी से मार बच्चे को लेकर फरार हो गया था। उसकी तलाश जारी थी।

### जैप 8 मुख्यालय में धूमधाम से मना सरहुल



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** आदिवासी समाज के महत्वपूर्ण पर्वों में एक सरहुल पर्व पूरे विधि-विधान, श्रद्धा भव्यता के साथ जैप 8 मुख्यालय में स्थित सरना धाम स्थल पर मनाया गया। साथ ही विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। सरहुल पर्व पर सबसे पहले वन देवी की पूजा की गई। यह पूजा आदिवासी समाज के पहान (पुजारी) ने पूरे विधि-विधान के साथ मंगलवार की देर रात्रि की। इससे प्रकृत्ति की देवी से सुख शांति और समृद्धि की कामना के साथ वन देवी को फल फूल और पारंपरिक प्रसाद अर्पित किया गया। पूजा के बाद पुलिस के जवानों ने पारंपरिक गीतों और नृत्यों से अपनी खुशियों का इजहार किया।

पलामू सांसद ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की मुलाकात

# बंशीधर नगर मंदिर व बभंडी राधाकृष्ण मंदिर को पर्यटन का दर्जा दिलाया जाये : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन मंत्रालय में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर मंदिर एवं पलामू जिला के चैनपुर स्थित बभंडी राधा कृष्ण मंदिर की महता को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रसाद योजना के तहत श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने का अनुरोध किया। साथ ही साथ पलामू प्रमंडल के बेतला (पलामू व्याघ्र क्षेत्र) के अंतर्गत पड़ने वाले पलामू किला, कमलदह झील, केचकी, इको स्ट्रीट एवं मलय डैम का पर्यटन विकास एवं पलामू किला को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग की। गढ़वा जिला झारखंड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र एवं छतीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती है। इसलिए इसे कभी गेटवे ऑफ छोटानागपुर कहा जाता था।



झारखंड की राजधानी रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किमी है। गढ़वा से करीब 40 किमी की दूरी पर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है। जहां शताब्दियों प्राचीन श्री बंशीधर मंदिर है। इसमें राधा एवं कृष्ण की साढ़े चार फीट ऊंची और 32 मन की स्वर्ण निर्मित एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भूमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित 24 पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है। श्री वंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है। नगर उंटारी गढ़ के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की चार फीट उंची और 32 मन वजनी (1280 किलो) प्रतिमा भक्तों का मन मोह लेती है। पहली बार मेरी पहल पर यहां वर्ष 2017 से श्री वंशीधर महोत्सव मनाया जा रहा हे। उक्त महोत्सव को झारखंड सरकार ने राजकीय महोत्सव घोषित किया है। इसके साथ नगर उंटारी स्थित श्री वंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देख राज्य सरकार एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम नगर उंटारी से बदल कर श्री वंशीधर नगर कर चुका है।

# गांव के मसीहा थे समाजसेवी स्व राजकुमार गुप्ता : अरुणा शंकर

- स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता की स्मृति में कछिया में खुलेगा स्कूल : आनंद शंकर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/कछिया बलरामपुर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर के पिता स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता जी के प्रथम पुण्यतिथि पर झारखंड एवं छत्तीसगढ़ से आए ईस्ट, मित्र, रिश्तेदार एवं स्थानीय अतिथि उनके गृह निवास कछिया, छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर उनके तस्वीर पर पुष्प चढ़ाये। मौके पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता गांव के दुख सुख के साथी थे जिन्हें गांव का मसीहा कहा जाता था। उनके द्वारा किए कार्यों को भूलाया नहीं जा सकता। स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता को उनकी राजनीतिक पकड़ के चलते दूर-दूर तक कई गांव में जाना जाता था और उन्हें राजनीतिक ध्रुव भी कहा जाता था। दूर-दूर से आए अतिथियों ने कहा कि उन्हें मेहमान नवाजी का बहुत शौक था जिसके लिए हमेशा उन्हें उनके जीवन काल से ही याद किया जाता है। मौके पर उनके बड़े दामाद आनंद शंकर ने उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए उनके पैतृक गांव में ग्रामीण बच्चों के लिए जल्द एक स्कूल खोलने की बात कही ताकि उनके स्मृति जन्म जन्मांतर तक बनी रहे।

# खरना संपन्न, अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज, गूंजने लगे छठ गीत

- छठव्रतियों ने खीर का प्रसाद ग्रहण कर किया खरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



खरना का प्रसाद तैयारी करतीं छठव्रती।

**हुसैनाबाद पलामू।** लोक आस्था का चार दिवसीय चैती महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार की शाम घरों में अरवा चावल, गुड़ व दूध मिश्रित खीर तथा रोटी पकाई गयी। इसके बाद छठव्रतियों द्वारा खीर का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटों का निर्जला व्रत शुरू किया गया। व्रती महिला छठी मईया की पारंपरिक गीत गाती रही। इससे माहौल छठमय हो गया। व्रतियों द्वारा सूर्यास्त के बाद भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की गयी और खीर, रोटी, केला आदि प्रसाद स्वरूप अर्पित किया गया। मंगलकामना की प्रार्थना के साथ व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पहले दिन नहाय-खाय जहां तन की स्वच्छता करता है, वहीं दूसरे दिन खरना में मन की स्वच्छता पर जोर दिया जाता है। इसके बाद छठ के मूल पर्व षष्ठी का पूजन होता है और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर उनका आह्वान किया जाता है। खरना के दिन तन-मन से शुद्ध होकर छठी मईया का प्रसाद बनाया गया। गुरुवार को अस्ताचलगामी और शुक्रवार को उदीयमान भास्कर को अर्घ्य दिया जायेगा। इसी के साथ चैती छठ महापर्व का समापन होगा। महिलाओं ने 12 घंटे का उपवास रखा और शाम को छठी मईया की पूजा की। महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना व्रत के दिन व्रती महिलाओं ने पान व सुपारी हाथ में लेकर स्नान किया। व्रतियों ने स्नान ध्यान कर छठी मईया की उपासना की। वहीं बाजारों में व्रत अनुष्ठान के लिए लोग खरीदारी कर रहे हैं। क्योंकि इस चैती छठ में काफी कम दुकानों पर खरीद हो रही हैं। नारियल समेत अन्य फलों की खरीदारी के साथ व्रत में प्रयोग होने वाले बांस से बने सूप और दउरा भी खरीदे गये। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि रामनवमी व छठ पूजा को लेकर हुसैनाबाद क्षेत्र में पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गयी हैं।

# महावीर मंडल ने तीसरी बार नगर में निकाली गयी मंगला शोभायात्रा

- शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों हिन्दू धर्मावलंबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




मंगला शोभायात्रा में शामिल रामभक्त।

**छतरपुर पलामू।** महावीर मंडल के द्वारा आयोजित मंगला शोभा यात्रा में छतरपुर में भव्य मनोरम झांकी निकाली गयी। यह झांकी ठाकुरबाड़ी से हनुमान चालीसा का पढ़ के साथ शुरू किया गया और सरैडीह मोड़ के पास स्थित महाबीर मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ के साथ समाप्त हुआ। छतरपुर में मंगला शोभायात्रा की शुरुआत तीन साल पहले 2023 में महाबीर मंडल ने किया था जिसकी भव्यता आज भी कायम है। इस झांकी में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के प्रतीक स्वरूप बच्चों को रथ पर बैठाकर पूरे शहर का भ्रमण करवाया गया। डीजे और भांगड़ा पार्टी के धुन पर श्रीराम के जयकारे के साथ छतरपुर गूंजता रहा। मौके पर संरक्षक अरविंद गुप्ता ने कहा कि इस तरह की शोभयता सनातन संस्कृति की खूबसूरती है। रामनवमी हमें संदेश देता है कि हम समाजिक सौहाद्र और स्नेह की गांठ को समाज मे और मजबूत करते चलें। वहीं महावीर मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा कि लोगों के सहयोग से यह आयोजन संभव हो पाया है। आगामी रामनवमी के त्योहार को उन्होंने और भी यादगार बनाने का संकल्प दुहराया। मौके पर श्रीराम और महावीर के उद्घोष और भगवा और महावीरी झंडे लिए लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। महावीर मंडल की शोभायात्रा को सफल बनाने में संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून, गोपाल चंद्रवंशी, कुंदन पाठक, अध्यक्ष पंकज गुप्ता सचिव रॉकी उर्फ लाला आदि मौजूद थे।

# रामनवमी पूजा का उत्साह चरम पर, महावीरी झंडों से पटा शहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** रामनवमी पूजा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर महावीरी झंडे लगाये गये हैं। बिहार सीमा से लेकर शहर से गुजरने वाली एनएच 139 के दोनो ओर हर दुकान व घर पर महावीरी झंडे देखने को मिल रहे हैं। वहीं रामनवमी पूजा समिति के सदस्य समारोह की तैयारी को अंतिम रूप देने जुट गये हैं। समिति द्वारा शहर को झंडों से पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। उधर रामनवमी पूजा समारोह को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। विधि व्यवस्था सुचारू रखने के उद्देश्य से क्षेत्र के करीब छह दर्जन लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत नोटिस जारी की गयी है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर पुलिस गश्त तेज कर दी गयी है। वहीं शहर के चौक चौराहों पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से किसी भी असामान्य व संदिग्ध गतिविधियां की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नये सत्र का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नये सत्र का शुभारंभ हुआ। प्रार्थनासभा में इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। पश्चात शिक्षकवृंद, छात्रगण एवं प्राचार्य ने मां शारदा की प्रार्थना संयुक्त रुप से की। विद्यालयीन छात्राओं द्वारा स्वागत व हैप्पी-हैप्पी सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया गया। 12वीं की छात्रा तेजस्विनी ने भी सरहुल पर्व पर प्रकाश डाला। शिक्षिका तनुश्री ने बच्चों को अनुशासन, गणवेश व स्वच्छता पर संबोधित किया। शिक्षकवृंद व प्राचार्य द्वारा पौधारोपण कर स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गयी। पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य ने कहा कि अनुशासित जीवन वैदिक काल से ही समाज का मूलाधार रहा है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने बेहतर शैक्षिक वातावरण का पूर्ण प्रयास किया है।

### कारीहार के जिजोई नदी से अज्ञात शव बरामद



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के कारिहार ग्राम के पास जीजोई नदी में अज्ञात लावारिश शव पाया गया है। पाटन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया है। मंगलवार की सुबह कारीहार के पास जीजोई नदी में एक लावारिस शव को ग्रामीणों ने देखा, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पाटन थाना को दी। सूचना पर पाटन थाना प्रभारी लालजी ने घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सादगी व सौहार्द का पर्व है ईद : राजू कुमार मेहता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशुनपुर में संचालित ज्ञानदीप ज्योति पब्लिक स्कूल की टीम ने विभिन्न गांवों में घूम कर ईद की मुबारकबाद दी। निदेशक राजू मेहता ने कहा कि यह बहुत ही सादगी और सौहार्द का पर्व है। एक महीने की रोजे रख कर इस बात का एहसास कराते हैं कि दुनिया में ऐसे बहुत लोग हैं, जिनके पास खाने के लिए अन्न नहीं है। जो लोग भूखे पेट रह रहे हैं। ईद मोहब्बत व इंसानियत का प्रतीक है।

### चंद्रवशी महासभा ने दी राजेंद्र सिन्हा को बधाई



**मेदिनीनगर/पाटन पलामू।** चंद्रवंशी समाज ने पांचवीं बार झामुमो के जिलाध्यक्ष बनने पर राजेंद्र सिन्हा को बधाई दी है। श्री सिन्हा को बुके देकर सम्मानित किया गया। जिसमें चंद्रवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष बिक्की चंद्रवंशी, पप्पु चंद्रवंशी, कुंदन चंद्रवंशी समेत कई लोग शामिल थे। श्री चंद्रवंशी ने झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व केंद्रीय महासचिव को भी बधाई दी है।

### शाहपुर में निकला मंगलवारी जुलूस राम दरबार व हनुमान तांडव की झांकी बना आकर्षण का केंद्र



**चैनपुर पलामू।** रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर महावीर नवयुवक दल जेनरल ने मंगलवारी जूलूस निकाला। इस झांकी में राम दरबार एवं हनुमान का तांडव दिखाया गया। वहीं राम भक्तों ने जय श्रीराम जय जय श्रीराम हर हर महादेव के जयकारे एवं जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाले। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस विवेकानंद चौक से निकल पनेरीबांध रोड विवेकानंद नगर होते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला, गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला से नगर भ्रमण करते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर जुलूस पहुंचा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में नवीन शैक्षणिक सत्र-2025-26 का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पूजा व वैदिक विधि-विधान से शुरू किया गया नये सत्र का पठन पाठन



**हुसैनाबाद पलामू।** विद्या विकास भारती द्वारा संचालित हिन्दी संस्कारों की पाठशाला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में नूतन वर्ष 2025-26 का सत्र प्रारंभ हो गया। जिसमे नर्सरी से लेकर अष्ठम दशम की पठन पाठन व नामांकन समेत सभी तरह के शैक्षणिक सत्र आरंभ कर दी गयी हैं। बुधवार को स्कूल परिसर में वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना की गई साथ ही हवन यज्ञ कर नव वर्ष की कार्य शुरुआत की गयी। वहीं नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय में आनेवाले छात्र-छात्राओं को तिलक-वंदन से हार्दिक स्वागत विद्यालय के आचार्य परिवार ने किया। प्राचार्य कुशजी पांडेय ने विद्या मंदिर केवल बच्चों को शैक्षणिक नहीं बल्कि उसका व्यक्तित्व विचार, संस्कार निर्माण करने की पाठशाला बताया।

### हृदयगति रुकने से सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शिक्षकों में शोक

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका मीना कुमारी के पति सेवानिवृत शिक्षक जगदीश प्रसाद का हृदयगति रुकने से मंगलवार को औरंगाबाद स्थित आवास पर देहांत हो गया। वे करीब 70 वर्ष के थे। उनके निधन पर शिक्षक समुदाय सहित कई लोगों ने संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में प्राचार्या अभिलाषा कुमारी, शिक्षक राकेश कुमार, विनय रवि, नवीन कुमार, युगल रविदास, पंकज कुमार भी थे।

## झामुमो जिलाध्यक्ष सहित सभी नये सदस्य किये गये सम्मानित

- मुहर्रम इंतजामिया और अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी ने किया सम्मान
- नवमनोनीत अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने पलामू में नया आयाम गढ़ा है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमिन और मोहर्रम इंतजामिया कमिटी ने झामुमो कार्यालय में जाकर राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और उनके टीम को सामूहिक रूप से सम्मानित किया। मौके पर सभी सदस्यों ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और उनकी पूरी टीम सभी समाज को ले कर चलते है। जरूरत पड़ने पर राजेंद्र सिन्हा हर समय सभी समुदाय के लोगों के साथ खड़ा रहते हैं। वहीं जिशान खान ने कहा कि पलामू में राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने एक नया आयाम गढ़ा है, उनकी सादगी ओर हसमुख मिजाज से कोई भी इनका हो जाता है ओर ये हर किसे के हो जाते है। मुस्लिम समाज के सदर मुस्तफा कमाल ने लगातार 5 बार जिलाध्यक्ष बनने पर श्री सिन्हा को बधाई दी। कहा कि आपके और सन्नु सिद्दीकी के मेहनत का फल है कि झामुमो का पलामू में लगातार जनाधार बढ़ता जा रहा है।

# धूमधाम से मनायी गयी आदर्श काशी प्रसाद पब्लिक स्कूल की 17वीं वर्षगांठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मुख्य अतिथि रामदास साहू को सम्मानित करते लोग।

**सतबरवा पलामू।** सदर प्रखंड क्षेत्र के पोलपोल पंचायत के मधु नेभी गांव स्थित आदर्श काशी प्रसाद पब्लिक स्कूल की 17वीं वर्षगांठ में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रामदास साहू ने भाग लिया। श्री साहू ने कहा कि सामाजिक तथा आर्थिक बदलाव लाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ऐसी कुंजी है, जिसके माध्यम से ज्ञान रूपी ताला को खोला जा सकता है। उन्होंने विद्यालय के संचालक काशी प्रसाद का तारीफ करते हुए कहा कि बीते 17 वर्षों से गरीब तथा असहाय बच्चों के बीच कम शुल्क में शिक्षा के दीप जला रहे हैं जो काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा दर को ऊंचा उठाने में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों का काफी योगदान रहा है। सरकार को ऐसे विद्यालयों को प्रोत्साहन तथा बढ़ावा देना चाहिए। श्री साहू ने कहा कि अपने बच्चों के शिक्षा के प्रति हम सबों को सजग रहने की जरूरत है। बच्चों के शैक्षणिक विकास से ही आने वाला देश की भविष्य सुरक्षित रहेगा। वहीं विद्यालय के संचालक काशी प्रसाद ने कहा कि यह विद्यालय आवासीय है जहां पलामू प्रमंडल के अलावा झारखंड समेत कई अन्य राज्यों के भी बच्चे यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालयों के शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ता व अभिभावकों को शॉल देकर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान वार्षिक परीक्षा फल की भी घोषणा की गयीतथा बच्चों को परीक्षा फल तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोविन्द प्रसाद ने किया। मौके पर प्राचार्या पुनीता कुमारी, तैलिक साहू समाज के जिला अध्यक्ष ललन साहू, नागेन्द्र प्रसाद, सेवानिवृत्ति शिक्षक कन्हाई साहू, करमचंद साहू, त्रिवेणी साहू, विनोद चौधरी, पूर्व सैनिक अवध किशोर प्रसाद, अजय पाठक भी थे।

# सरहुल पर्व के मौके पर नावा जयपुर थाना प्रभारी ने किया वस्त्र वितरित



जरूरतमंदों को जरूरत की सामग्री देते नावा जयपुर के थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** सरहुल पर्व के अवसर पर नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने थाना क्षेत्र के अति सुदुरवरती आदिवासी क्षेत्र होमियां में जाकर वृद्ध महिलाओं के बीच वस्त्र का वितरण किया। मौके पर थाना प्रभारी ने आदिवासियों के साथ सरहुल पर्व को मनाया। सखुआ पेड़ की पूजा की तथा मांदर बजाया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सरहुल झारखंड के संस्कृति का पहचान है। यह पर्व प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोगों को प्रकृति से गहरा संबंध है। सरहुल पुजा पवित्र पर्व है। सरहुल में धरती और सुरज का पुजा किया जाता है। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रकृति के गोद में रहने वाले हम सभी का कर्तव्य है कि प्रकृति की रक्षा करें। पेड़ों की कटाई बंद हो। सरहुल पर्व के मौके पर आदिवासी समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# कांडी में धूमधाम से मनाया जा रहा है महापर्व चैती छठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार को नहाय खाय के साथ पर्व की शुरूआत हुई, वहीं बुधवार को विधिवत रूप से खरना का आयोजन किया गया। इस दिन सभी छठ व्रती पूरे दिन उपवास रखकर संध्या समय भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना करने के बाद गुड़ और चावल से निर्मित प्रसाद ग्रहण की।

खरना छठ महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। इस दिन व्रतधारी पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को गुड़ की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद पूरी तरह शुद्धता और सात्विकता के साथ बनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन का उपवास और संकल्प छठ व्रत को संपूर्णता प्रदान करता है तथा व्रतियों को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यह व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है। विशेष रूप से संतान सुख और संतान की खुशहाली के लिए माताएं यह कठिन व्रत करती हैं। खरना के साथ व्रत की कठिनाई और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ जाती है, जिससे व्रती आत्मिक शुद्धता के साथ अर्घ्य अर्पित करने के लिए तैयार होते हैं। छठ महापर्व के मद्देनजर क्षेत्र के प्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ तथा टेंपल इन वाटर सूर्य मंदिर कांडी में व्यापक तैयारियां की गई हैं।



सतबहिनी झरना तीर्थ में छठ व्रती

सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर खरना के दिन 500 की संख्या में व्रती पहुंची। एक छोटा बच्चा खुटहेरिया गांव निवासी वर्ग चार का छात्र अंकित कुमार भी छठ व्रत का उपवास किया है। प्रखण्ड के अतिरिक्त बिसुनपुरा व विश्रामपुर प्रखण्ड के भी व्रती छठ करने सतबहिनी पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए बिजली, जल आपूर्ति, तथा स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। स्थानीय कमिटियों ने यह सुनिश्चित किया है कि व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। खरना के पश्चात गुरुवार को व्रतधारी डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देंगे और शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है। छठ महापर्व की पावन बेला में पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण है और श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ भगवान भास्कर की उपासना में लीन हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ विकास समिति व कांडी सूर्य मंदिर व छठ पूजा समिति के दर्जनों सदस्य व्यवस्था सम्भालते देखे गए।

## स्पीड न्यूज

### टेंपू पलटने से पांच घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप भवनाथपुर मुख्य पथ पर दुलहर के समीप टेंपू पलटने से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में मकरी निवासी अजय पाल, अरसली निवासी रीना देवी पति लक्ष्मण राम, नंदनी कुमारी, स्नेहा कुमारी एवं चेरवाडीह निवासी सरस्वती देवी पति दिलिप सिंह का नाम शामिल हैं। सभी घायलों को समाजसेवी सह अरसली मुखिया पति पिंटू अंसारी ने सभी घायलों को टेंपू से भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के संबंध में टेंपू पर सवार लोगो ने बताया की टेंपू टाउनशिप से भवनाथपुर आ रही थी। टेंपू चालक सामने से आ रहे टेंपू से कट मार कर निकलने में अनियंत्रित हो कर सड़क से नीचे उतर कर पलट गया।

### तीन किसानों के खेतों से समरसेबल चोरी

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी गांव में एक ही रात में चोरों ने तीन किसानों के खेतों पर फसलों की सिंचाई के लिए लगा हुआ समरसेबल, स्टार्टर और स्टेबलाइजर की चोरी कर ली। घटना मंगलवार की रात्रि की है। किसानों की सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंचीं और छानबीन शुरू की। मकरी के किसान प्रेमचंद प्रसाद यादव, विनोद विश्वकर्मा और दिनेश पासवान ने फसलों की सिंचाई के लिए अपने अपने खेतों में बोरवेल में समरसेबल मोटर डाली थी। रात के समय खेत पर कोई नहीं था, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने खेत के बोर में लगा हुआ समरसेबल मोटर को बोरवेल से निकालते हुए चोरी कर ले गए। वही दिनेश पासवान घर के सामने लगे टेंपो से बैटरी चोरी की गई। जब बुधवार को सुबह किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो बोरवेल से समरसेबल मोटर गायब थी। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और पीड़ित किसानों को आश्वस्त दिया कि चोर बहुत जल्द ही पुलिस की पकड़ में होंगे। चोरी की घटना को लेकर पीड़ित किसानों ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया है।

### रंका में मना सरहुल

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखण्ड के बिश्रामपुर पंचायत के यूट्यूब मोड़ के सरना स्थल में आदिवासी समुदाय ने सरहुल पर्व मनाया। जिसमें प्रकृति की आराधना की गई। रंका प्रखण्ड के बिश्रामपुर पंचायत के सरना स्थल के पाहन एवं कुल गुरू फुलेश्वर कच्छप एवं उनकी पत्नी कुल गुरुवाईन सरस्वती टोप्पो, ढोल वादक सूरजदेव राम, राजेश उरांव, रामप्रवेश उरांव, द्वारा आराधना किया गया। ज्ञात हो कि इस दिन आदिवासी समुदाय नए साल का स्वागत करते हैं। सरहुल के अवसर पर प्रकृति अपने नए स्वरूप में नजर आती है, जब पेड़ों पर नए फूल और पत्ते खिलने लगते हैं। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में गांव के पाहन (कुल गुरू) के निमंत्रण पर पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि नववर्ष के आगमन के प्रतीक इस सरहुल पर्व पर मैं सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना करना हूं।

### चैती छठ महापर्व को लेकर बैठक

**रमना।** प्रखंड क्षेत्र में चैती छठ महापर्व को लेकर बुधवार को समिति एवं ग्रामीणों की बैठक श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री हनुमान मंदिर गंगा तालाब छठ घाट परिसर में छठ व्रतियों के लिए रौशनी, पानी और साउंड की व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत घाट परिसर की सफाई की गई। ज्ञात हो कि लोक आस्था का चैती छठ महापर्व मंगलवार को नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो गया है। चैती छठ को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को खरना पूजा के बाद खरना का प्रसाद लोग ग्रहण करेंगे। गुरुवार को चैती छठ है तथा शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पूजा संपन्न हो जाएगा। बैठक में नरेश साह, मनोज गुप्ता सुनील प्रजापति, मनोज कुमार साह, बबलू कुमार, पप्पू बियार, राजू बियार, मोती बियार, प्रजापति, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# नावाडीह ने केतार को हराकर जीता खिताब



ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के बेलाबार नदी फील्ड में 12 साल के बच्चों द्वारा आयोजित बेलाबार प्रीमियर लीग कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में नावाडीह गोपला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केतार टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस दौरान पंचायत के मुखिया मूंगा साह और उद्घाटन कर्ता बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी उपस्थित थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केतार टीम ने 98 रन बनाए और नावाडीह टीम को 99 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में नावाडीह टीम ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया और लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 3 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आनंद कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि अगले साल टूनार्मेंट को और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। मौके पर संजय पाल, कुंडल सिंह, राजकिशोर सिंह, याद अली, रामाश्रय मेहता, पप्पू सिंह, अंगद पासवान, अब्दुल्ला अंसारी, अमित सिंह, टाईगर सिंह सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# महाबीरी झंडे के साथ निकला मंगला जुलूस

**मझिआंव।** श्री राम जानकी अखाड़ा द्वारा मंगलवार को देर शाम कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व वार्ड पार्षद विवेक सोंनी एवं अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में महावीर झंडे एवं बाजे गाजे के साथ मंगल जुलूस निकल गया। जुलूस बाजार समिति स्थित श्री राम जानकी अखाड़ा से निकलकर बाजार पथ होते पुराने हॉस्पिटल तक गया, उसके पश्चात जुलूस राधा कृष्ण मंदिर पहुंचा। जहां पर मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास द्वारा भगवान श्रीराम एवं बजरंगबली की पूजा अर्चना व आरती की गई। इसके बाद जुलूस चन्द्री शिव मंदिर तथा कई मुहल्लों तक भ्रमण किया। इस दौरान ध्वनिविस्तारक यंत्र से एक ही नाम और एक ही नारा, घर-घर में अब गूंजेगा, भारत का बच्चा-बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा एवं आएंगे आएंगे राम आएंगे जय श्री राम जय श्री राम आदि भक्ति गानों से पूरा मझिआंव भक्तिमय हो गया। इस दौरान सुरक्षा के तौर पर पुलिस बल तैनात थी। अखाड़ा के अध्यक्ष ने बताया कि नवरात्रि में श्रीराम जानकी अखाड़ा परिसर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी प्रतिदिन श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठएवं पूजा अर्चना किया जा रहा है।

# पॉकेट मारी करते बुजुर्ग को ग्रामीणों ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** भारतीय स्टेट बैंक के नीचे एटीएम के पास से पैकेट मारी करने के जुर्म में पलामू जिला के डाल्टनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भूसाही गांव निवासी बुजुर्ग हरिहर चौधरी पिता स्व खेदन चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रानीतालि निवासी मुंशी चौधरी स्टेट बैंक से पैसा निकालने आये थे। जब मुंशी चौधरी पैसा निकाल कर अपने पैकेट में रखे तथा कुछ देर के बाद मुंशी चौधरी एसबीआई एटीएम के पास पासबुक प्रिंट करने एटीएम के पास आये तो हरिहर चौधरी पिता खेदन चौधरी ग्राम भुसाहि के द्वारा मुंशी चौधरी के पैकेट से पैसा निकाला गया। जिसे आस पास के लोग देख लिए। हल्ला करने व पकड़ने के प्रयास करने लगा तो वह भागने लगा, जिसके बाद आस पास के लोगों के साथ सीएसपी संचालक तेजवंत कुमार दुबे के द्वारा पकड़ लिया गया। वहीं लोगों के द्वारा नाम पता पूछा गया तो उस बुजुर्ग में पहले अपना नाम उपेंद्र सिंह ग्राम बंजारी बताया। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि यह बुजुर्ग पहले भी यहां पैकेट मेरी करने का काम किया था। वहीं इसके बाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी को दिया गया। जिसे पुलिस गिरफ्तार का थाना ले गई। वही इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि कड़ी पूछताछ के बाद सही पाया गया और यह बुजुर्ग पहले भी ऐसा क्राईम कर चुका था। वहीं थाना कांड संख्या 41/25 के अंतर्गत प्राथमिक की दर्ज करते हुए हरिहर चौधरी को नया एक हिरासत में भेजा गया।



गिरफ्तार

# समाजसेवी डॉ कुलदेव पहुंचे मृतक के घर, दी सांत्वना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड के औरैया गांव टोला लिखनियां निवासी सच्चिदानंद चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार चौधरी का रूस में निधन हो गया था। मृतक के परिवार का रो रोकर हाल बेहाल है। उनकी पत्नी के अलावा दो छोटे छोटे बच्चे हैं जिसकी उम्र क्रमशः 3 वर्ष की पुत्री एवं 6 माह का पुत्र है। सचिदानंद चौधरी के दो पुत्र थे, पहला पुत्र पहले ही गुजर गए थे और दूसरा रवि कुमार अब इस दुनियां में नहीं रहा। सचिदानंद चौधरी भी पहले से दुर्घटना में पैर से लाचार हैं। चलने फिरने में दिक्कत है। महर्षि वेद व्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि परिजनों की जानकारी के अनुसार यह कम्पनी की लापरवाही प्रतीत होता है कि अगर उचित समय पर इलाज हो जाता तो शायद रवि की जान बच जाती। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि घटना के बाद भी कम्पनी के जबाबदेह लोग नदारद हो गए। वहां मजदूर धरना-प्रदर्शन करते रहे लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। अंतत पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल से मृतक का शव घर पहुंचा। स्थानीय विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी जी ने भी सदन में बात रखी है। इसके बावजूद भी मृतक परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा अगर मजदूरों को रोजगार अपने राज्य में मिला होता तो विदेश जाने की भी जरूरी नहीं पड़ती और ऐसी घटना नहीं होती।



मृतक के परिजनों के साथ डॉ कुलदेव

गढ़वा उपायुक्त और खासकर मैं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ध्यानाकृष्ट कराना चाहता हूं कि इस घटना को संज्ञान लेते हुए गम्भीरता पूर्वक ठोस निर्णय लेते हुए मजदूर मृत्यु अधिनियम 1923 एवं अन्य विधि संगत मुआवजा की राशि भुगतान कराएं। जांचोपरांत अगर कहीं कम्पनी भी दोषी है तो मृतक परिवार को सहयोग कराएं ताकि परिवार का पालन पोषण हो सके। मौके पर शिवचंद चौधरी, सचिदानंद चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, सुरेश चौधरी, अनुज चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, जगदीश बिंद, फुलरी देवी, संगीता देवी, शशिकला देवी आदि उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित क्षेत्र में टेम्पू खड़ा कर रहे हैं चालक

**कांडी।** प्रखण्ड मुख्यालय में एक बार फिर से टेम्पू चालक अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में टेम्पू खड़ा कर सवारी उतारना या बैठाना निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बावजूद टेम्पू चालक घंटो अपना टेम्पू खड़ा कर सवारी उतारते व बैठाते देखे जा रहे हैं। जिस कारण सड़क जाम की स्थिति बन गयी है। प्रशासन ने टेम्पू चालकों को सख्त निर्देश दिया है कि कोई भी टेम्पू चालक बाजार क्षेत्र में ग्रामीण बैंक से और जगदेव चौक तक कोई टेम्पू चालक टेम्पू खड़ा नहीं करेगा। फिर भी आदेश को नहीं मानते हुए टेम्पू चालक अपनी मनमानी पर उतर आए हैं। अभी रामनवमी व छठ पूजा को लेकर कांडी में प्रखण्ड के बाहरी इलाकों से लोगों का आना जाना काफी बढ़ गया है।

# अहंकार ही पतन का मूल कारण है : बालस्वामी प्रपन्नाचार्य



प्रवचन करते बालस्वामी प्रपन्नाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित रामकथा के तीसरे दिन बालस्वामी प्रपन्नाचार्य ने श्रीराम जन्म के आध्यात्मिक और दार्शनिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार कई वरदानों और श्रापों का परिणाम है, जिसमें जय-विजय का श्राप और नारद मोह प्रसंग प्रमुख हैं। बालस्वामी जी ने बताया कि जय-विजय, जो भगवान विष्णु के द्वारपाल थे, उन्हें सनकादि मुनियों के श्राप के कारण तीन जन्मों तक राक्षस योनि में जन्म लेना पड़ा। पहले जन्म में वे हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु बने, जिनका वध भगवान वराह और भगवान नरसिंह ने किया। दूसरे जन्म में वे रावण और कुंभकर्ण बने, जिनका अंत श्रीराम के हाथों हुआ। तीसरे जन्म में वे शिशुपाल और दंतवक्त्र बने, जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण ने मोक्ष प्रदान किया। मौके पर रामकथा समिति के अध्यक्ष चंदन जायसवाल, जगजीवन बघेल, दीनानाथ बघेल, जयशंकर बघेल, गुड्डू हरि, विकास ठाकुर, भरत केशरी, दिलीप पाठक, गौतम शर्मा, धर्मनाथ झा, सोनू, सुन्दर, शिवा आदि लोग उपस्थित थे।

# पांच कार्य करने से मिल जाता है महायज्ञ करने का फल : आचार्य संजय कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर सोनपुरवा गढ़वा में श्री रामचरित मानस यज्ञ सह प्रवचन के तीसरे दिन आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पांच कार्य कर लेने से मानव को महायज्ञ करने का फल प्राप्त हो जाता है।

ये पांच कार्य अति साधारण और आसान हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गो ग्रास यानी गौ माता को रोटी खिलाएं। ये रोटी रसोई की दूसरी रोटी होनी चाहिए। पहली रोटी अग्नि देव को समर्पित करें। दूसरा काम वृक्ष के नीचे कुछ आटा डाले ताकि चींटी को भोजन मिल सके। तीसरे कार्य के रूप में पंक्षियों को अन्न डाले, चौथा काम के रूप में मछलियों को गूथा हुआ आटा डालें और पांचवे कार्य के रूप में अतिथियों का बिना स्वार्थ सेवा सत्कार करें। ये कार्य जीवन में बड़ा परिवर्तन ला देते हैं। सच कहिए तो यही सनातन धर्म है। आचार्य जी ने नर्क से मुक्ति का मार्ग स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रायश्चित ही आपको नर्क से मुक्त करता है और सबसे बड़ा प्रायश्चित मन को ईश्वर के चरणों में लगाना है। बच्चों का नाम रिंकी, पिंकी, गुड्डू, बबलू न रखें। राम, कृष्ण, शंकर, सीता, राधा, सावित्री रखें। इस कारण नहीं चाहते हुए भी आप ईश्वर को पुकारेंगे। कलियुग में ईश्वर के नाम मात्र लेने से कल्याण हो जाता है। किसी न किसी रूप में ईश्वर का स्मरण अवश्य करें। आचार्य जी ने धर्म की परिभाषा समझाते हुए कहा कि वेद ने जिसका प्रतिपादन किया है, उसपर चलना धर्म है। वेद स्वयं नारायण हैं। श्री संजय कृष्ण ने श्रोताओं को बिना बुलाए भागवत कथा में जाने की अपील की। कहा कि सत्संग के बिना विवेक नहीं होता है और मन को वश में करने के लिए कीर्तन की जरूरत होती है। सत्संग और कीर्तन भागवत कथा में एक साथ मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य तन भाग्य से मिलता है। देवता भी इसके लिए तरसते रहते हैं। भागवत कथा रूपी पवित्र जल से तन दिव्य बन जाता है और उसका कर्म अलौकिक हो जाता है। मंदिर समिति के सचिव धनंजय सिंह ने कहा कि प्रतिदिन प्रवचन में कमलापुरी वैश्य समाज की ओर से हलवा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। मंगला शोभा यात्रा में हजारों राम भक्त महिला-पुरुष श्री रामल्ला मंदिर पहुंचे और भगवान जी का आशीर्वाद लिया। इस इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान दिलीप कमलापुरी एवं उसकी अर्धांगिनी, महाकाल उज्जैन से पधारे आचार्य गिरधारी शर्मा, मंदिर समिति के विश्वनाथ सिंह, अनिल शर्मा, जितेंद्र कमलापुरी, विकास दुबे, सुदर्शन सिंह, किशोर सिंह, सत्यनारायण दुबे, श्यामा पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



प्रवचन करते आचार्य

## खबर एक नजर में

### सात साइबर अपराधियों को पुलिस दबोचने में हुई सफल, गये जेल

**दुमका।** पुलिस को साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात साइबर अपराधियों को धर दबोचा है। इसमें तीन दुमका, तीन देवघर और एक पाकुड़ का रहने वाला है। सातों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल, दो लैपटाप, 12 हजार रुपया और एक एटीएम बरामद किया है। गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार युवकों में दुमका शहर के नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर निवासी विक्की शर्मा, तेलीपाड़ा का नीरज कापरी, काठीकुंड थाना क्षेत्र के आमझारी का अंकित कुमार दास, देवघर के खागा का करण कुमार राणा, प्रेम सागर राणा सूरज कुमार और पाकुड़ के राजीव कुमार शामिल है। सभी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया और बताया कि जनवरी माह से साइबर ठगी कर रहे हैं। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि मुफस्सिल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि आदित्य नारायण कॉलेज के पास एक निमार्णाधीन मकान में कुछ युवक लैपटॉप के साथ लोगों को अपने जाल में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। प्रशिक्षु आइपीएस डॉ. सैयद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम बनाकर दबिश दी गई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को दिए स्वीकारोक्ति बयान में बताया वे सभी लोग कस्मटर केयर में पहले से पड़े मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर डाल देते थे। इसके बाद जो भी कस्टमर शिकायत करता तो उसके मोबाइल नंबर को एक एपीके फाइल में डालकर शिकायत करने वालों को लिंक भेजा करते थे। लिंक के टच करते ही शिकायत करने वाले का खाता से पैसा उड़ा लेते थे। एसपी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों ने हाल के वर्षों में जो भी संपत्ति खरीदी होगी, उसे जब्त किया जाएगा. सभी को रिमांड पर लेकर फिर से पूछताछ की जाएगी।

### भगवती जागरण से रातभर रहा भक्तिमय माहौल

**दुमका।** जय माता दी सेवा समिति की ओर से यज्ञ मैदान में मंगलवार को विशाल भगवती जागरण का आयोजन से उपराजधानी दुमका शहर भक्तिमय महौल में सराबोर रहा। हर साल की भांति भगवती जागरण शुरू होने से पहले भक्तों की टोली धर्मस्थान मंदिर से माता का ज्योत लेकर यज्ञ मैदान में सजाये गये माता के भव्य दरबार में पहुंचे। भक्ति जागरण में इलाहाबाद उत्तरप्रदेश, कोलकाता, रानीगंज और अन्य जगहों से कलाकार पहुंचे थे। जिसमें मुख्य रूप से सरोज कुमार लख्खा बोकारो, सरगम स्नेहा देवघर, पूजा प्रियंका बोकारो, सोनी श्रीवास्तव धनबाद, वहीं राजू हलचल कानपुर, राजीव रंजन सहित अन्य कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियां एवं भक्ति गीतों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पहले धर्मस्थान मंदिर में मां काली की भव्य श्रृंगारी हुई। श्रृंगारी के बाद धर्मस्थान मंदिर से माता का ज्योत निकाली गई।

### लकड़ी माफिया का आतंक जारी, लकड़ी सहित दो गिरफ्तार

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड में लकड़ी माफियाओं का आतंक जारी है। बुधवार को वन विभाग की टीम ने चाइना ट्रॉली में लदे शिरीष का 9 बोटा लकड़ी सहित दो को गिरफ्तार किया है जबकि एक भागने में सफल रहा। दुलाल अंसारी, महबूब अंसारी को गिरफ्तार किया है और तजाउदीन अंसारी भागने में सफल रहा। तीनो शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बुचाआम गांव का रहनेवाला है। यह कारवाई थाना क्षेत्र के भगवान पूर के समीप हुआ है।लकड़ी पश्चिम बंगाल की ओर ले जाया जा रहा था। जप्त लकड़ी आसानबनी वन डीपो में रखा है।गौरतलब है तीन दिन पहले भी चाइना टोली सहित लकड़ी को जप्त किया था।यह कार्रवाई शिकारीपाड़ा के वन विभाग के टीम ने गस्ती के दौरान किया है। हम आपको बता दे की वन विभाग की टीम लगातार लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई करती है लेकिन यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### साईबर अपराधी ऑनलाइन काम दिलाने के नाम पर 12.77 लाख की ठगी की

**दुमका।** साईबर अपराध के मामलें लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद लोग साईबर अपराधियों के झांसे में फसते जा रहे हैं। साईबर अपराधी भी अब पैसे की ठगी के लिए अलग अलग तरीके अपना रहे हैं। कुछ ऐसा ही एक मामला सरैयाहाट में आया है। जहां एक व्यक्ति से टेलीग्राम एप के माध्यम से एक कथित कंपनी ने वर्क फ्रॉम होम्स के जरिए लाखों के सपने दिखाकर करीब 12.77 लाख रुपए ठग लिए। मामलें को लेकर ठगी के शिकार सरैयाहाट थाना क्षेत्र के महुरा गांव निवासी उदेश पूजहर ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया है कि टेलीग्राम एप के माध्यम से किसी समीक्षा सिंहदे ने उससे संपर्क कर फोनिक्स मिल्स लिमिटेड कंपनी मुंबई के लिए ऑनलाइन वर्क करने का ऑफर दिया गया था। समीक्षा के द्वारा उसे बताया गया था कि उसे घर में रहकर ही कंपनी के लिए ऑनलाइन काम करना होगा। जिसके बाद उसने 900 रुपए देकर अपनी आईडी जेनरेट की। फिर उसे बताया गया कि कंपनी की तरफ से उसे मेंबल्स साइट्स पर फ्री ट्रायल वर्क कराया जाएगा। जिसके बाद उसने कंपनी के कहने पर 8 हजार रुपए डिपॉजिट किया, अगले दिन उसे कंपनी के द्वारा 23800 रुपए वापस किए गए। जब उसे महज आठ सौ के बदले 23 हजार वापस मिले तो वह कंपनी के झांसे में आ गया। और यहीं से उसकी बबादी को दौर शुरू हो गया। फिर उससे तीस हजार जमा करने को कहा गया, जब उसने यह रकम जमा की तो उसका आईडी 66717 रुपए माइनस में चला गया। फिर उसने विभिन्न बैंक अकाउंट के माध्यम से कंपनी को जमा किया। लेकिन उसके बाद आईडी में 1.76 लाख रुपए माइनस दिखने लगी। फिर उसने साईबर फ्रोड के झांसे में आकर उक्त रकम को जमा कराया। लेकिन उसकी आईडी अलग अलग वजहों से लगातार माइनस में जाती रही और वह रकम जमा करता गया। इस प्रकार उसने करीब 10.93 लाख रुपए जमा कर दिए। जिसके बाद साईबर अपराधी उससे कंपनी के सीनियर अधिकारी बनकर उससे बात की और उसे झांसे में लेकर अकाउंट अनहोल्ड कराने के नाम पर पुनः 1.99 लाख रुपए ऐंठ लिए।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि मामलें को लेकर सरैयाहाट थाना में भारतीय न्याय संहिता 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(1), 111, आईटी एक्ट 66(सी), 66(डी) और टेलीकॉम एक्ट 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसंधान में जुटी है।

### बड़े भाई को छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

**दुमका।** बेटी की शादी का कार्ड देने आए 50 साल के सनातन हांसदा को छोटे भाई माइकल हांसदा ने कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसरिया गांव में मंगलवार की देर शाम घटी। हत्या के बाद भाग रहे आरोपी को ग्रामीणों ने खंभा से बांध दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लिया है। बुधवार को बेटे अर्जुन हांसदा के बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भारोडीह गांव के सनातन हांसदा की दो बेटी और तीन बेटे हैं। पूरा परिवार खेती करता है। सनातन ने बड़ी बेटी की शादी तय कर दिया था। पांच मई को उसकी बारात आने वाली है। पिता बेटी की शादी तय हो जाने से बहुत खुश था। मंगलवार की शाम वह सरसरिया गांव में रहने वाले छोटे भाई माइकल हांसदा को शादी का कार्ड देने गया था। वहां पहुंचने के बाद किसी बात पर नशे में धुत्त छोटे भाई से बहस हो गई। बहस के बाद सनातन जैसे ही घर जाने के लिए बाहर निकला तो पीछे से माइकल ने कुल्हाड़ी से तीन चार बार हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शोर मचने पर गांव के लोगों ने भाग रहे आरोपी को घेर लिया और खंभे से बांधने के बाद पुलिस को सूचना दी।

